# University in News on 12 January 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि में अब छह फरवरी से होंगी बीटेक की परीक्षाएं

### बीएलएड, बीसीए, एमसीए व बीफार्मा के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को सत्र 2023-24 के लिए विषम सेमेस्टर की परीक्षा के तहत कई कोर्सों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। पाठ्यक्रमों का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जारी पाठ्यक्रम के मुताबिक, बीटेक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अब छह फरवरी से शुरू होकर 15 फरवरी तक चलेंगी।

**संशोधित कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड**

परीक्षा विभाग की ओर से जिन अन्य कोर्सों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है, उनमें बीएलएड, बीसीए, एमसीए व बीफार्मा के पहले, तीसरे एवं पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम शामिल हैं। संशोधित कार्यक्रम में बीसीए पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जनवरी से 10 फरवरी तक चलेंगी। बीसीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी तक और बीसीए पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 जनवरी से 8 फरवरी तक चलेंगी। बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 2 फरवरी से 14 फरवरी तक ही चलेंगी। एमसीए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 6 से 15 फरवरी तक चलेंगी। वहीं बीएलएड पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जनवरी से शुरू होकर 2 फरवरी को समाप्त होंगी।

बीफार्मा पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 से 14 फरवरी तक और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 8 से 15 फरवरी तक चलेंगी। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षार्थी वेबसाइट lkouniv.ac.in से विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

### 20 फरवरी तक प्रैक्टिकल, वाइवा के अंक पोर्टल पर अपलोड करें कॉलेज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सभी संबद्ध जिलों हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली, लखनऊ एवं सीतापुर के सहयुक्त कॉलेजों को आंतरिक, प्रैक्टिकल एवं वाइवा परीक्षाओं के अंक 20 जनवरी तक ऑनलाइन विवि के पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बृहस्पतिवार को सभी विभागाध्यक्षों व कॉलेजों के प्राचार्यों को ये निर्देश जारी किए। निर्धारित तिथि में ऐसा न करने पर परीक्षाफल रुकने की स्थिति में जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर 2023 की परीक्षाओं में आंतरिक, प्रैक्टिकल व वाइवा परीक्षाओं के अंक ऑनलाइन विवि के पोर्टल पर अपलोड करने की तिथि 10 जनवरी तय की थी। लेकिन उक्त तिथि में सभी 135 महाविद्यालयों ने पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड किए हैं। इसलिए परीक्षा विभाग ने अंक अपलोड न करने वाले कॉलेजों को दस दिनों की मोहलत देते हुए 20 जनवरी तक तिथि विस्तारित कर दी है। महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विभागाध्यक्षों को अंक अपलोड करने के साथ उसकी हार्डकॉपी परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जमा करनी होगी। इसके बाद परीक्षाफल घोषित किए जाएंगे। (संवाद)

**परीक्षा नियंत्रक ने सभी विभागाध्यक्षों और कॉलेज के प्राचार्यों को जारी किए निर्देश**

## HINDUSTAN PAGE 8

### आंतरिक, मौखिक और प्रैक्टिकल के अंक 100 कॉलेजों ने अपलोड नहीं किए

# अंक भरने की तिथि दूसरी बार बढ़ी

**एलयू**

लखनऊ, संवाददाता। एलयू ने दूसरी बार आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की तारीख बढ़ा दी है। संबद्ध पांच जिलों के लगभग 100 कॉलेजों की ओर से अंक न अपलोड करने के कारण यह फैसला लिया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत कॉलेजों को विद्यार्थियों के आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक विवि के ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने थे। लगभग 100 कॉलेजों ने अलग-अलग पाठ्यक्रमों के अंक अपलोड नहीं किए हैं।

जिसके मद्देनजर एलयू प्रशासन को लगातार दूसरी बार ऑनलाइन पोर्टल पर अंक अपलोड करने की तिथि को बढ़ाना पड़ा। बुधवार को जारी पत्र के अनुसार अब एलयू के सभी विभाग व संबद्ध कॉलेजों को 20 जनवरी तक ऑनलाइन पोर्टल पर अंक अपलोड करने होंगे। इससे पहले यह तिथि 10 जनवरी थी।

**अंक न चढ़ने पर छात्र माना जाता अनुपस्थितः** कॉलेजों की तरफ से पोर्टल पर अंक न अपलोड करने से छात्र की मार्कशीट पर अनुपस्थित चढ़ा दिया जाता है। विद्यार्थी के जिस विषय में प्रयोगात्मक, आंतरिक व मौखिक परीक्षा के अंक नहीं चढ़ाए जाते हैं, मार्कशीट में उस विषय के सामने अनुपस्थित का निशान बना रहता है।

**छात्रों को होती है परेशानीः** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू होने के बाद से ज्यादातर पाठ्यक्रमों के विषयों में प्रयोगात्मक समेत अन्य परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

इससे यदि कॉलेजों ने अंक चढ़ाने में देरी की तो इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है। जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रत्येक सेमेस्टर में लगभग 10 हजार छात्रों को अंक न अपलोड होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।



**20** जनवरी तक सभी को अंक अपलोड करने होंगे

**10** जनवरी थी पहले इसकी तिथि, अब बढ़ाई गई

### परीक्षा विभाग का काम बढ़ता, रिजल्ट में देरी होती है

जानकारी के अनुसार बता दें कि अंक अपलोड करने में देरी से न सिर्फ छात्र परेशान होते हैं बल्कि परीक्षा विभाग को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। प्रयोगात्मक, आंतरिक और मौखिक परीक्षा के अंक न मिल पाने के कारण छात्रों का रिजल्ट नहीं बन पाता है। वहीं यदि नतीजे जारी किए जाते हैं तो विद्यार्थियों की मार्कशीट पर अनुपस्थित लिखना पड़ता है। जिसकी वजह से छात्र-छात्राओं का नुकसान होता है और कई बार उनको फिर से परीक्षा में बैठना पड़ता है। इससे बचने के लिए जरूरी है कि समय से अंक पोर्टल पर अपलोड कर दिए जाएं।

### अब बीटेक की परीक्षाएं दो फरवरी से

लखनऊ। एलयू में स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इससे अब बीटेक की परीक्षाएं दो फरवरी और बीएड की 27 जनवरी से शुरू होंगी। परीक्षार्थी एलयू की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

एलयू ने विषम सेमेस्टर परीक्षा-2023 के तहत कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन किया है। जिसका संशोधित परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड है। इसके अनुसार बीटेक एनईपी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अब दो फरवरी से शुरू होकर 15 तक चलेंगी। बीटेक ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरूआत छह फरवरी से होगी। जो कि 15 फरवरी तक चलेगी। बीटेक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं दो से 14 फरवरी तक चलेंगी। इसी तरह परीक्षा विभाग की ओर से बीएलएड, बीसीए, एमसीए व बीफार्मा के पहले, तीसरे एवं पांचवे सेमेस्टर के परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव किया है। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि वेबसाइट lkouniv.ac.in देख सकते हैं।

## i-NEXT PAGE 5

# बीफार्मा की रिवाइज्ड डेटशीट आई

**फार्मास्युटिकल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री 2 का एग्जाम 7 फरवरी को होगा**

LUCKNOW (11 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने गुरुवार को बीफार्मा थर्ड सेमेस्टर की रिवाइज्ड डेटशीट जारी कर दी. रिवाइज्ड डेटशीट के मुताबिक, फार्मास्युटिकल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री 2 का एग्जाम 7 फरवरी, फिजिकल फार्मास्युटिकल का एग्जाम 9 फरवरी, फार्मास्युटिकल माइक्रोबायालॉजी का 12 फरवरी और फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग का एग्जाम 14 फरवरी को होगा. एग्जाम की टाइमिंग दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक होगी. बीफार्मा फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 8 से 15 फरवरी के बीच होंगे.



### प्रैक्टिकल एग्जाम का भी जारी हुआ शेड्यूल

एलयू के मुताबिक, जूलॉजी प्रैक्टिकल एग्जाम सेमेस्टर 1 का प्रैक्टिकल ए 29 जनवरी और प्रैक्टिकल बी 31 जनवरी को होगा. इसी तरह बीएससी जूलॉजी सेमेस्टर 5 का प्रैक्टिकल 15 जनवरी से सुबह 9 बजे से बैच 2 का दोपहर 1:30 बजे से और 16 जनवरी को बैच 3 का एग्जाम सुबह 10 बजे से होगा. इसी तरह सेमेस्टर थर्ड का प्रैक्टिकल एग्जाम 19 व 20 जनवरी को होगा. जूलॉजी फर्स्ट सेमेस्टर का एग्जाम 23, 24 और 27 जनवरी को होगा.

### बीएड का रिवाइज्ड शेड्यूल जारी

एलयू ने बीएड कोर्स फर्स्ट सेमेस्टर का भी रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया है. बीएड के एग्जाम 27 जनवरी से शुरू होकर 2 फरवरी तक होंगे. बीएड का एग्जाम सुबह की पाली में होगा. इसी तरह बीसीए फर्स्ट सेमेस्टर एनईपी व ओल्ड कोर्स के एग्जाम 27 जनवरी से 10 फरवरी तक चलेंगे. बीसीए थर्ड सेमेस्टर 24 जनवरी से 9 फरवरी, बीसीए फिफ्थ सेमेस्टर 23 जनवरी से 8 फरवरी, एमसीए थर्ड सेमेस्टर के एग्जाम 6 फरवरी से 15 फरवरी तक होने हैं. एलयू ने बीटेक का शेड्यूल भी रिवाइज्ड किया है. बीटेक फर्स्ट सेमेस्टर के एग्जाम 6 फरवरी से 15 फरवरी, बीटेक थर्ड सेमेस्टर 2 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेंगे.

## JAGRAN CITY PAGE III

# 23 से बीसीए, 27 से बीएड की सेमेस्टर परीक्षाएं

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.सी.ए, बी.एड, बी.टेक और बी.फार्मा विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम गुरुवार को जारी कर दिया। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ से विस्तृत कार्यक्रम डाउनलोड कर सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी समय सारिणी के अनुसार बी.सी.ए प्रथम सेमेस्टर एनईपी (रेगुलर) और ओल्ड कोर्स (बैक पेपर, एग्जम्प्टेड) की परीक्षाएं की परीक्षाएं 27 जनवरी से 10 फरवरी, बी.सी.ए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 24 जनवरी से नौ फरवरी, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 23 जनवरी से आठ फरवरी तक होंगी। एम.सी.ए तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा छह से 15 फरवरी तक होंगी। बी.एड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 27 जनवरी से दो फरवरी तक आयोजित की जाएंगी।

**बीफार्मा व बीटेक का परीक्षा कार्यक्रम :** बी.फार्मा तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा सात से 14 फरवरी, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आठ से 15 फरवरी तक होंगी। बी.टेक प्रथम सेमेस्टर एनईपी (रेगुलर) और ओल्ड कोर्स (बैक पेपर, एग्जम्प्टेड) की परीक्षा छह से 15 फरवरी तक होंगी। इसके तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा दो से 14 फरवरी तक संचालित होंगी।

**बीएससी जूलाजी की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 से :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बी.एससी जूलाजी विषम सेमेस्टर प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथि जारी कर दी है। पांचवें सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 15, 16 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 19, 20 जनवरी, पहले सेमेस्टर की 23 व 24 जनवरी को होगी। वहीं, एम.एससी जूलाजी प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 29 व 31 जनवरी को होगी।

### अब 20 तक अपलोड कर सकेंगे आंतरिक अंक

लवि की ओर से पर्याप्त अवसर दिए जाने के बाद भी कई विभाग एवं डिग्री कालेज अपने स्नातक व परास्नातक विषय सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाओं के अंक अपलोड नहीं कर पाए। अब विश्वविद्यालय ने आखिरी मौका देते हुए 20 जनवरी तक इसके लिए तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। लवि ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के आंतरिक, मौखिक प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अपलोड करने के लिए 20 दिसंबर से 10 जनवरी तक मौका दिया था, लेकिन विश्वविद्यालय के विभागों एवं काफी सम्बद्ध कालेज अंक अपलोड नहीं कर पाए। बीते वर्ष में भी अंक अपलोड न होने की वजह से बहुत से विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित लिखकर आया था, जिसकी वजह से वह परेशान हो गए थे।



**अंक अपलोड न किए तो परिणाम रुकेगा :** विश्वविद्यालय ने साफ कहा है कि 20 जनवरी तक अनिवार्य रूप से अंक अपलोड करना होगा। साथ ही इसकी हार्ड कापी भी विश्वविद्यालय में जमा करनी होगी। निर्धारित तिथि तक अंक अपलोड न करने की स्थिति में परीक्षा परिणाम न घोषित किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं महाविद्यालय की होगी।

## SWATANTRA BHARAT PAGE 4

# एलयू के प्रो. सरजीत सेन राष्ट्रीय समिति में चयनित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए, नई दिल्ली) भारत में अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान परिषद (आईएससी) का एकमात्र अनुयायी संगठन है।भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आईएनएसए,नई दिल्ली) के माध्यम से आईएससी संगठनात्मक परिवर्तनों, वैज्ञानिक गतिविधियों के प्रस्तावों या निकायों से संबंधित चर्चाओं के मामलों के बारे में अपने विचार सुझाती हैं। इसे संबंधित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निकायों के साथ विचारों के आदान-प्रदान और वैज्ञानिक जानकारी के संचार का काम भी सौंपा गया है। 1961 में स्थापित इंटरनेशनल यूनियन ऑफ जियोलॉजिकल साइंसेज (आईयूजीएस)को भूवैज्ञानिक समस्याओं, विशेष रूप से विश्वव्यापी महत्व की समस्याओं के अध्ययन को बढ़ाने का दायित्व सौंपा गया है, जिसमे भूविज्ञान और उससे संबंधित विज्ञान में अंतर्राष्ट्रीय और अंत:विषय सहयोग को सुविधाजनक बनाना, इस तरह के सहयोग को निरंतरता प्रदान करना, चतुष्कोणीय अंतर्राष्ट्रीय भूवैज्ञानिक कांग्रेस का समर्थन करना शामिल है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### बीफार्मा की परीक्षा तिथियों में संशोधन

अमृत विचार, लखनऊः लविवि की परीक्षाओं में एक बार फिर संशोधन हुआ है। इस बार हुए संशोधन में बीफार्मा तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाओं को शामिल किया गया है। 7 फरवरी से आरंभ होने वाली परीक्षाएं 9, 12 और 14 फरवरी तक चलेंगी।

# छात्र एक क्लिक से जान सकेंगे अंक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विवि ने नई व्यवस्थाओं का किया निर्धारण
- संबद्ध महाविद्यालयों को भी मिले दिशा- निर्देश

**अमृत विचार :** लखनऊ विवि के छात्रों को अब अपने नंबरों को जानने के लिए विवि की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। विवि प्रशासन जल्द ही आंतरिक, मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के नंबर ऑनलाइन करने जा रहा है। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक की ओर से सभी विभागाध्यक्षों और महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया गया है।

अंक तालिकाओं को जानने के लिए पहले विवि और उससे संबद्ध महाविद्यालय के छात्रों को लंबी दौड़ लगानी पड़ती थी। लेकिन अब ये इन व्यवस्थाओं में लखनऊ विवि की ओर से सुधार किया गया है। इस व्यवस्था के पहले क्रम में वर्ष 2023 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणामों को शामिल किया जाएगा। इसमें परीक्षाओं के आंतरिक, मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक सम्मिलित किए जाएंगे। इन्हें विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने की व्यवस्था अपलोड कर ली गई है। परीक्षा नियंत्रक बताते हैं कि विवि के सभी विभागाध्यक्षों और महाविद्यालय के प्राचार्यों को निर्देशित किया जा चुका है। जिन महाविद्यालयों में ये व्यवस्था प्रभावी नहीं हो पाई है, उसको लेकर भी दिशा- निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### बीसीए और बीटेक सेमेस्टर परीक्षा का निर्धारण

ये परीक्षा 27 जनवरी से आरंभ होगी। इसके बाद 31, 7 और फिर 10 फरवरी को आयोजित होगी। इसी तरह बीटेक परीक्षाएं 6 फरवरी से आरंभ होकर 15 फरवरी तक चलेगी। 8, 10 और 13 को भी परीक्षाओं के आयोजन होंगे।

### बीएड सेमेस्टर में संशोधन

एजूकेशन विभाग की बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में संशोधन तिथियां घोषित की गई हैं। प्रथम परीक्षा 27 जनवरी को निर्धारित की गई है। फिर 29, 31 और फिर 2 फरवरी को अंतिम परीक्षा आयोजित की जाएगी।